भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 188***

जिसका उत्तर शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025/21 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

## नैनो यूरिया का उत्पादन

**188*. डॉ. सी. एन. मंजूनाथ:**

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान कर्नाटक के लिए निर्धारित नैनो यूरिया के उत्पादन और वितरण लक्ष्यों की वर्ष-वार और जिला-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या रामनगर, बेंगलुरू ग्रामीण और इसके आस-पास के जिलों में किसानों को नैनो यूरिया के उपयोग के संबंध में शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान या प्रदर्शनी कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार बड़े पैमाने पर नैनो उर्वरकों को अपनाने वाले जिलों में दीर्घकालिक मृदा स्वास्थ्य और उत्पादकता परिणामों की निगरानी करने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री**
**(श्री जगत प्रकाश नड्डा)**

**(क) से (ग):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**'नैनो यूरिया का उत्पादन' के संबंध में डॉ. सी. एन. मंजूनाथ द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 188* के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क):** भारत सरकार प्रत्यक्ष तौर पर नैनो उर्वरक संयंत्रों की स्थापना में शामिल नहीं है। हालांकि, मेसर्स इफको ने कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) देवनाहल्ली, बेंगलुरु ग्रामीण जिले के भीतर एक नैनो उर्वरक विनिर्माण संयंत्र की स्थापना की है। इस संयंत्र ने नैनो यूरिया का उत्पादन शुरू कर दिया है और अब तक इसने 500 मिलीलीटर नैनो यूरिया की लगभग 18 लाख बोतलों का निर्माण किया है। पिछले और चल रहे वित्त वर्ष के लिए कर्नाटक राज्य में नैनो यूरिया का जिले-वार लक्ष्य और वितरण **अनुलग्नक-क** पर रखा गया है।

**(ख):** कर्नाटक राज्य और इसके जिलों सहित देश भर के किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:-

i. नैनो उर्वरकों के उपयोग को विभिन्न गतिविधियों जैसे जागरूकता शिविरों, वेबिनार, क्षेत्रीय प्रदर्शनों, किसान सम्मेलनों और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों आदि के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है।

ii. नैनो उर्वरक से संबंधित कंपनियों द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

iii. नैनो उर्वरकों को उर्वरक विभाग द्वारा नियमित रूप से जारी मासिक आपूर्ति योजना के तहत शामिल किया गया है।

iv. पर्ण अनुप्रयोग के माध्यम से नैनो यूरिया जैसे उर्वरकों के सहज अनुप्रयोग और उपयोग के लिए, 'किसान ड्रोन' जैसे अभिनव छिड़काव विकल्प और खुदरा बिक्री केन्द्रों पर बैटरी संचालित स्प्रेयर के वितरण जैसी पहल की गई हैं। इस उद्देश्य के लिए, ग्राम स्तर के उद्यमियों के माध्यम से पायलट प्रशिक्षण और कस्टम हायरिंग छिड़काव सेवाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाता है।

v. उर्वरक विभाग ने उर्वरक कंपनियों के सहयोग और परामर्श से और क्षेत्रीय स्तर के प्रदर्शनों के माध्यम से देश के सभी 15 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो डीएपी को अपनाने के लिए एक महा अभियान शुरू किया है। इसके अलावा, उर्वरक विभाग ने उर्वरक कंपनियों के सहयोग से देश के 100 जिलों में नैनो यूरिया प्लस के क्षेत्रीय स्तर के प्रदर्शनों और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए अभियान भी शुरू किया है।

इसके अतिरिक्त, कर्नाटक सरकार के कृषि विभाग ने नैनो यूरिया के लाभों और पारंपरिक यूरिया से जुड़ी कमियों को उजागर करने के लिए राज्य भर में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किए हैं। उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने वाली जानकारी को हैंडआउट, पोस्टर, मोबाइल वैन, समाचार पत्र विज्ञापन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और कृषि मेलों के माध्यम से किसानों और जन प्रतिनिधियों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित किया जाता है।

नैनो उर्वरकों को अपनाने को और प्रोत्साहित करने के लिए, विभाग ने कृषि वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी के साथ किसानों के खेतों और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) में ड्रोन आधारित अनुप्रयोगों सहित व्यावहारिक प्रशिक्षण और क्षेत्र प्रदर्शन किए हैं। इन निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्तमान वर्ष के दौरान अभी तक नैनो यूरिया की 17,48,062 बोतलों (500 मिलीलीटर) का उपयोग किया गया है।

इसके अलावा, कर्नाटक कृषि विभाग, मैसर्स इफको के सहयोग से किसानों को नैनो यूरिया के प्रभावी और कुशल उपयोग के बारे में शिक्षित करने के लिए **अनुलग्नक-ख** में दिए गए विवरण के अनुसार कई जिलों जैसे रामनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, मांड्या, बेंगलुरु शहरी, कोलार, चिक्काबल्लापुर, तुमकुर और अन्य में, बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन कर रहा है।

**(ग):** कर्नाटक राज्य और इसके जिलों सहित 10 राज्यों में “पारंपरिक यूरिया की तुलना में नैनो यूरिया की प्रभावकारिता, उपयोगिता और प्रभाव का मूल्यांकन” करने पर नैनो यूरिया का अध्ययन करने के लिए 2 साल (2024-26) की अवधि के लिए 5 मार्च, 2024 को भारत की राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) और उर्वरक विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

आईसीएआर ने विभिन्न कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों में फसल की वृद्धि, मृदा स्वास्थ्य और पोषक तत्वों के अपटेक पर नैनो उर्वरकों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए 2024-26 की परियोजना शुरू की।

इसके अलावा, आईसीएआर ने नवंबर 2025 में "भारत के विविध कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों में फसल उत्पादकता और नाइट्रोजन उपयोग दक्षता पर नैनो यूरिया का मूल्यांकन" नामक एक नेटवर्क परियोजना शुरू की है। 14 केंद्रों, 10 प्रमुख कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों और 12 प्रमुख फसलों को कवर करने वाली इस पंचवर्षीय परियोजना का उद्देश्य विभिन्न कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों में फसल की पैदावार पर नैनो यूरिया के दीर्घकालिक प्रभावों, उपज की गुणवत्ता, मिट्टी के पोषक तत्वों के संतुलन और प्लांट मेटाबॉलिज्म में नैनो उर्वरकों से पोषक तत्वों के अपटेक के तंत्र की समझ को बढ़ाना है।

*****

**लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 188* हेतु अनुलग्नक-क**

| कर्नाटक राज्य में नैनो यूरिया वितरण के लक्ष्य और बिक्री | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं** | **जिला** | **2024-25** | | **2025-26 (नवम्बर 25 तक)** | |
| | | **लक्ष्य** | **वितरण** | **लक्ष्य** | **वितरण** |
| 1 | बागलकोट | 105273 | 95608 | 105309 | 89306 |
| 2 | बेंगलुरु ग्रामीण | 42807 | 14002 | 21809 | 17489 |
| 3 | बेलगावी | 174544 | 149444 | 273960 | 169180 |
| 4 | बेल्लारी | 133646 | 61086 | 104371 | 51952 |
| 5 | बेंगलुरु शहरी | 36080 | 6556 | 11609 | 5431 |
| 6 | बीदर | 44549 | 73235 | 24400 | 82288 |
| 7 | विजयपुरा | 119063 | 143246 | 89793 | 166723 |
| 8 | चामराजनगर | 61248 | 34838 | 34600 | 25735 |
| 9 | चिकबल्लपुर | 56326 | 38554 | 31014 | 29050 |
| 10 | चिकमंगलूर | 89807 | 30716 | 67529 | 26041 |
| 11 | चित्रदुर्ग | 66927 | 32496 | 50598 | 67620 |
| 12 | दक्षिण कन्नड़ | 30699 | 4455 | 7691 | 44712 |
| 13 | दावणगेरे | 140780 | 62136 | 113482 | 60518 |
| 14 | धारवाड़ | 60917 | 64124 | 56738 | 58531 |
| 15 | गडग | 54719 | 79457 | 49902 | 74274 |
| 16 | कलबुर्गाई | 76058 | 141052 | 60891 | 125758 |
| 17 | हसन | 122422 | 86450 | 101036 | 56318 |
| 18 | हावेरी | 105698 | 123637 | 128736 | 69765 |
| 19 | कोडागू | 46911 | 11364 | 40216 | 15523 |
| 20 | कोलार | 46904 | 27475 | 27259 | 25596 |
| 21 | कोप्पल | 115171 | 71016 | 92031 | 57865 |
| 22 | मंड्या | 109167 | 28398 | 93956 | 18340 |
| 23 | मैसूर | 91482 | 36223 | 74588 | 42963 |
| 24 | रायचूर | 230277 | 148599 | 160754 | 111359 |
| 25 | रामानगर | 52165 | 23513 | 34504 | 12553 |
| 26 | शिवमोगा | 93879 | 75556 | 60613 | 43357 |
| 27 | तुमकुर | 70422 | 41680 | 55502 | 35198 |
| 28 | उडुपी | 29594 | 2917 | 4661 | 1301 |
| 29 | उत्तर कन्नड़ | 45493 | 13777 | 31158 | 10452 |
| 30 | विजयनगर | 145931 | 59205 | 89513 | 43784 |
| 31 | यादगीर | 136041 | 90524 | 101776 | 109080 |
| **कुल** | | **2735000** | **1871339** | **2199999** | **1748062** |

<u>लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 188* हेतु अनुलग्नक-ख</u>

| **रामनगर और आस-पास के जिलों में किसानों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान/प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **जिला** | **आयोजित किए गए प्रदर्शन** | **किसानों की बैठक** | **किसान और खुदरा विक्रेता प्रशिक्षण** | **जागरूकता अभियान** |
| बेंगलुरु ग्रामीण | 282 | 564 | 102 | 154 |
| बेंगलुरु शहरी | 145 | 242 | 85 | 145 |
| चिकबल्लापुर | 725 | 482 | 297 | 533 |
| कोलार | 427 | 269 | 154 | 389 |
| मंड्या | 215 | 324 | 58 | 238 |
| रामानगर | 213 | 492 | 89 | 693 |
| तुमकुर | 156 | 312 | 56 | 902 |
| **कुल योग** | **2163** | **2685** | **840** | **3054** |

*******